Adda247
GET IT ON Google Play

1 निम्नलिखित में से 'उपवाक्य' का भेद नहीं है-
(A) विशेषण उपवाक्य
(B) क्रियाविशेषण उपवाक्य
(C) काल उपवाक्य
(D) संज्ञा उपवाक्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न

2 वाक्य में 'योग्यता' का अर्थ है - (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) एक पद को सुनकर दूसरे को जानने की उत्कंठा
(B) वाक्य में प्रयुक्त पदों का क्रम
(C) एक से अधिक पदों का योग
(D) पदों के अर्थबोधन की क्षमता
(E) अनुत्तरित प्रश्न

3 निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'क्रिया' संबंधी अशुद्धि है?
(A) वह फल खाकर जाएगा।
(B) मंत्रों का सही उच्चारण बोलो।
(C) यहाँ मत चिल्लाओ।
(D) मैं दर्शन करने आया था।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

4 निम्नलिखित में से 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) कृपया आप ही यह बताने का अनुग्रह करें।
(B) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
(C) चाहे जैसे हो, तुम वहाँ जाओ।
(D) पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की चाह में घूम रहा था।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

5 निम्नलिखित किस वाक्य में 'कारक' संबंधी अशुद्धि है?
(A) राम ने इस विषय में सोचा।
(B) यह सत्यजीत राय का घर है।
(C) शरीर में शक्ति होनी चाहिए।
(D) डाल में चिड़ियाँ गाती हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

6 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:
(A) हम अवश्य ही जाएँगे।
(B) उसके चाचा को लड़की हुई है।
(C) मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।
(D) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

7 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:
(A) विमला ने गीत गाई।
(B) श्रीकृष्ण के अनेक नाम है।
(C) सब यहाँ कुशलपूर्वक हैं।
(D) मैंने कविता सुनाया।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

8 'अशुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) तुलसीदास ने गीतावली की रचना की।
(B) वे परस्पर एक-दूसरे से लड़ते हैं।
(C) मेले में मिठाइयाँ बिकती हैं।
(D) पुस्तकालय में अनेक पुस्तकें हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

9 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** वाक्य, भाषा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है।
**कथन II:** वाक्य में पदों का क्रम नियमानुसार जरूरी नहीं होता।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

10 'अशुद्ध वाक्यों' का चयन कीजिए:
a. यह कहना आपकी गलती है।
b. मैं हल करने की तलाश में हूँ।
c. मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
d. वहाँ भारी भीड़ लगी थी।
e. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल b, c, और e
(B) केवल c, d, और e
(C) केवल a, b, और c
(D) केवल a, b, और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न

11 निम्नलिखित में से 'देशज' शब्द है-
(A) जवान (B) जलज
(C) चिड़िया (D) मुगल
(E) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with CamScanner

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

12 निम्नलिखित में से 'विदेशी' शब्द नहीं है-
(A) दुकान
(B) सरकार
(C) वकील
(D) पलंग
(E) अनुत्तरित प्रश्न

13 इनमें से 'भाववाचक संज्ञा' का उदाहरण है-
(A) गंगा
(B) महादेव
(C) मिठास
(D) काशी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

14 निम्नलिखित में 'संज्ञा' का भेद नहीं है-
(A) भाववाचक
(B) जातिवाचक
(C) प्रश्नवाचक
(D) व्यक्तिवाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

15 निम्नलिखित में 'सर्वनाम' का भेद नहीं है-
(A) संबंधवाचक
(B) गुणवाचक
(C) निजवाचक
(D) पुरुषवाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

16 'यह कोई नया काम नहीं है।' वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम है-
(A) नया
(B) यह
(C) काम
(D) कोई
(E) अनुत्तरित प्रश्न

17 'गुणवाचक विशेषण' का उपयुक्त उदाहरण है-
(A) पहला
(B) लाल
(C) वह
(D) प्रत्येक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

18 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** स्वरूप या रचना की दृष्टि से वाक्य दो प्रकार के होते हैं।
**कथन II:** सरल वाक्य के एक या अधिक पदों को उपवाक्य में बदल देने से वह मिश्र वाक्य बन जाता है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

19 वाक्य की दृष्टि से उपयुक्त सही विकल्पों का चयन कीजिए:
a. सरल वाक्य – बिजली चमकती है।
b. संयुक्त वाक्य – जब विपत्ति आए तब धीरज रखो।
c. मिश्र वाक्य – हमने खाना नहीं खाया।
d. सरल वाक्य – बारिश आने वाली है।
e. संयुक्त वाक्य – अकाल पड़ेगा और लोग मरेंगे।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल b, c, और d
(B) केवल a, c, और e
(C) केवल a, d, और e
(D) केवल a, b, और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न

20 निम्नलिखित में से कौन-सा सरल वाक्य है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) अनुष्क ने पुस्तक पढ़ी और सो गया।
(B) जबतक शिक्षक रहते हैं, बच्चे शांत रहते हैं।
(C) जो व्यक्ति सत्यवादी है, उसे कोई डरा नहीं सकता।
(D) शिक्षक के सामने बच्चे शांत रहते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

21 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** मिश्र वाक्य में एक सरल वाक्य तथा उसके आश्रित एक या अधिक उपवाक्य होते हैं।
**कथन II:** संयुक्त वाक्य के दो से अधिक उपवाक्यों को प्रधान वाक्य में बदलकर मिश्र वाक्य बनाया जाता है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

22 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए-

| सूची I (उदाहरण) | | सूची II (वाक्य भेद) | |
|---|---|---|---|
| a. | आपको क्या चाहिए? | I. | आज्ञावाचक वाक्य |
| b. | एक चम्मच शहद लाओ। | II. | इच्छावाचक वाक्य |
| c. | शायद ही गोवा जाना होगा। | III. | संदेहवाचक वाक्य |
| d. | पिताजी आ जाएँ तो अच्छा हो। | IV. | प्रश्नवाचक वाक्य |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-I, b-IV, c-III, d-II
(B) a-IV, b-I, c-III, d-II
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न



By System sfu
Scanned with CamScanner

Adda247
GET IT ON Google Play

23 वाक्य की विशेषताओं के संबंध में सही कथन नहीं है:
(A) वाक्य के दो प्रमुख घटक होते हैं – उद्देश्य तथा विधेय।
(B) वाक्य स्वयं में संपूर्ण होता है।
(C) व्याकरण-सिद्ध पदों को मेल के अनुसार यथाक्रम रखने को ही 'वाक्य रचना' कहते हैं।
(D) वाक्य की रचना विभिन्न पदों एवं पदबंधों के मेल से होती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

24 कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' है?
(A) अध्यात्मिक (B) अधगति
(C) शताब्दी (D) अनुसंगिक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

25 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है -
(A) राज्यमहल (B) गृहस्थ
(C) पतिव्रता (D) अनुकूल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

26 वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?
(A) नैपूण्य, निपुणता (B) बाहुल्य, बहुलता
(C) सामुद्रिक, समुद्री (D) ऐक्य, एकता
(E) अनुत्तरित प्रश्न

27 वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्दों का चयन कीजिए-
a. कोतुहल b. श्रीमती
c. साधुवाद d. कनिष्ट
e. शारीरिक
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल b, c और d
(B) केवल a, b और c
(C) केवल c, d और e
(D) केवल b, c और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

28 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है-
(A) गृहिणी (B) ग्रहिणी
(C) गृहणी (D) ग्रहणी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

29 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है-
(A) प्रमेश्वर (B) सैद्धांतिक
(C) परिक्षा (D) ईर्षा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

30 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** मुहावरों का अर्थ उनके प्रत्यक्ष अर्थ से भिन्न होता है। अर्थात् ये लक्षणापरक होते हैं।
**कथन II:** मुहावरे का प्रयोग अलग से न होकर वाक्य के प्रसंग में ही होता है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

31 'कुएँ में भांग पड़ना' का उचित अर्थ होगा - (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) नुकसान होना
(B) सबकी अक्ल मारी जाना
(C) विघ्न डालना
(D) चेतावनी मिलना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

32 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) बुरी तरह पछताना
(B) अपना काम निकालना
(C) संकट मोल लेना
(D) कर्म का फल भोगना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

33 'आगे नाथ न पीछे पगहा' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) अकेला आदमी लाचार होता है।
(B) एक काम से दूसरा काम हो जाना।
(C) उच्च और साधारण की तुलना कैसी?
(D) किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

34 'गुदड़ी का लाल' मुहावरे का अर्थ है-
(A) अत्यंत लज्जित होना।
(B) अपनी बड़ाई आप करना।
(C) गुप्त बात प्रकट करना।
(D) ग़रीब का घर में गुणवान का उत्पन्न होना।
(E) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

35 'भैंस के आगे बीन बजाना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) मूर्ख के सामने ज्ञान की बातें करना।
(B) बनते काम को बिगाड़ना।
(C) चापलूसी करना।
(D) भय के कारण विनम्र हो जाना।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

36 'कंगाली में आटा गीला होना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) खूब दौड़धूप करना।
(B) असफलता से लज्जित होना।
(C) गरीबी में और अधिक हानि होना।
(D) हानि पहुँचाने का यत्न करना।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

37 इनमें से किस मुहावरे का अर्थ 'कहीं का नहीं रहना' है?
(A) चिराग तले अँधेरा।
(B) घर का न घाट का।
(C) गाँठ का पूरा
(D) चल बसना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

38 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (मुहावरे) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | अँगूठा दिखाना | I. | कपटी मित्र |
| b. | आस्तीन का साँप | II. | शर्मिंदा होना |
| c. | अपना-सा-मुँह लेकर रह जाना | III. | समय पर धोखा देना |
| d. | ईद का चाँद होना | IV. | बहुत दिनों पर दिखाई देना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-III, b-I, c-II, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

39 'सत्संग से बुद्धि सुधरती है।' इस वाक्य में किस 'कारक' का प्रयोग हुआ है?
(A) करण (B) संप्रदान
(C) अधिकरण (D) अपादान
(E) अनुत्तरित प्रश्न

40 'ने' परसर्ग/विभक्ति का प्रयोग किस कारक के साथ होता है?
(A) कर्म कारक (B) कर्ता कारक
(C) संप्रदान कारक (D) करण कारक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

41 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (कारक भेद) | | सूची II (अर्थ/लक्षण) |
|---|---|---|---|
| a. | संबंध कारक | I. | जिसकी सहायता से कर्ता क्रिया करता है |
| b. | करण कारक | II. | जहाँ किसी को कुछ दिया जाए |
| c. | संप्रदान कारक | III. | अलग होने का बोध प्रकट हो |
| d. | अपादान कारक | IV. | किसी व्यक्ति का दूसरे से संबंध |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-IV, b-I, c-II, d-III
(B) a-II, b-I, c-III, d-IV
(C) a-I, b-III, c-II, d-IV
(D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

42 'आत्मज' का स्त्रीलिंग रूप है -
(A) आत्मना (B) आत्मा
(C) आत्मजा (D) आत्मन
(E) अनुत्तरित प्रश्न

43 पुंलिंग - स्त्रीलिंग का कौन-सा युग्म 'अशुद्ध' है?
(A) खाला - खाली (B) काला - काली
(C) पुत्र - पुत्री (D) गूँगा - गूँगी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

44 लिंग परिवर्तन की दृष्टि से सही युग्मों का चयन कीजिए:
a. जेठ - जेठानी b. तोता - तोते
c. शिष्य - शिष्या d. मच्छर - मच्छरानी
e. विधुर - विधवा
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल b, d, और e
(B) केवल b, c, और d
(C) केवल a, b, और d
(D) केवल a, c, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

45 निम्नलिखित किस शब्द का बहुवचन रूप 'अशुद्ध' है?
(A) कथा – कथाएँ
(B) आशीर्वाद – आशीर्वादों
(C) वधू – वधुओं
(D) शाखा – शाखाएँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न



[ Contd...



Scanned with CamScanner

Adda247
GET IT ON Google Play

46. नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** संकेतवाचक वाक्य में कार्य के होने का संदेह होता है।

**कथन II:** एक से अधिक सरल तथा स्वतंत्र वाक्यों को मिश्रित वाक्य में समुच्चयबोधक शब्द से जोड़ते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

47. 'संदेहवाचक वाक्य' का सही उदाहरण है -

(A) अब तक वह चला गया होगा।
(B) बिहारी दरबारी कवि थे।
(C) एक कप पानी लाओ।
(D) आपकी यात्रा मंगलमय हो।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

48. निम्नलिखित में से 'मिश्र वाक्य' का चयन कीजिए:

(A) स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं।
(B) वह पढ़कर परीक्षा में सफल हुआ।
(C) परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं है।
(D) जो व्यक्ति धनी है, वह हर चीज खरीद सकता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

49. 'अमित रो-रोकर चुप हो गया।' इस 'सरल-वाक्य' का 'संयुक्त वाक्य' में परिवर्तित रूप है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अमित रोने के बाद चुप हो गया।
(B) अमित रोता रहा और चुप हो गया।
(C) रोने के बाद अमित चुप हुआ।
(D) अमित रो कर चुप हो गया।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

50. निम्नलिखित में से 'संयुक्त वाक्य' का चयन कीजिए: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) सूर्य निकलते ही तारे छुप गए।
(B) सूर्य का उदय हुआ, आकाश में तारे छिप गए।
(C) सूर्य का उदय हुआ, तारे आकाश में छिपे नहीं थे।
(D) सूर्य उदित हुआ और आकाश में तारे छिप गए।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

1234 ]

51. 'संकेतवाचक वाक्य' चुनिए:

(A) यदि वर्षा अच्छी हो तो फसल भी अच्छी होगी।
(B) मैं शिमला में रहता हूँ।
(C) आपकी यात्रा मंगलमय हो।
(D) एक गिलास पानी लाओ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

52. 'वचन' के संबंध में कौन-सा कथ्य सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) हिंदी में वचन के दो प्रकार हैं - एकवचन और बहुवचन।
(B) वचन का मुख्य कार्य शब्दों के लिंग भेद का बोध कराना है।
(C) शब्द के जिस रूप से एक पदार्थ या व्यक्ति का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं।
(D) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

53. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'बहुवचन' बोधक है?

(A) अध्यापिका (B) डिबिया
(C) गुड़ियाँ (D) कामना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

54. नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** वर्तमान काल के पाँच भेद होते हैं।

**कथन II:** 'वह पढ़ता होगा।' वाक्य पूर्ण वर्तमान का उदाहरण है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

55. निम्नलिखित में से 'भूतकाल' से संबद्ध वाक्यों का चयन कीजिए:

a. कृष्ण का बचपन बीत गया।
b. माली फूलों से माला बनाता है।
c. जापान अपने अतीत को भूल चुका।
d. एकलव्य अभ्यासरत है।
e. कालिदास ने मेघदूत लिखा है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, c, और e (B) केवल b, d, और e
(C) केवल a, b, और c (D) केवल a, d, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

56 इनमें से कौनसा वाक्य 'कर्मवाच्य' का उदाहरण है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) गोपाल पत्र लिखता है।
(B) मुझसे गाया नहीं जाता।
(C) मैं बोझ नहीं उठा सका।
(D) सरकार के द्वारा घोषणा की गई।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

57 'सूर्य पूर्व दिशा में उगता है।' इस वाक्य में किस 'पक्ष' का बोध कराया गया है?
(A) आवृत्तिमूलक (B) प्रगति बोधक
(C) पूर्णता बोधक (D) नित्यता बोधक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

58 'आम खाया जाता है।' इस वाक्य का संबंध किस 'वाच्य' से है?
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
(C) परवाच्य (D) भाववाच्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न

59 'वाच्य' के कितने भेद होते हैं?
(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) दो
(E) अनुत्तरित प्रश्न

60 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (वाक्य भेद) | | सूची II (अर्थ/लक्षण) |
|---|---|---|---|
| a. | संदेहवाचक | I. | वक्ता की इच्छा या आशा हो। |
| b. | इच्छावाचक | II. | एक क्रिया का होना दूसरे पर निर्भर करे। |
| c. | संकेतवाचक | III. | जहाँ संदेह या संभावना हो। |
| d. | विधिवाचक | IV. | कार्य के होने अथवा करने का सामान्य कथन। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-III, b-I, c-II, d-IV
(C) a-IV, b-I, c-III, d-II
(D) a-III, b-IV c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

61 इनमें से किसके मेल से होने वाले विकार को 'संधि' कहते हैं?
(A) दो पदबंधों के मेल से
(B) दो उपवाक्यों के मेल से
(C) दो वाक्यों के मेल से
(D) दो वर्णों के मेल से
(E) अनुत्तरित प्रश्न

62 'लंबा + उदर' का सही 'संधि पद' है-
(A) लंबाऊदर (B) लंबोदर
(C) लंबउदर (D) लंबादर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

63 'सूर्य + उदय' का सही 'संधि पद' है-
(A) सूर्योदय (B) सूर्गोदय
(C) सौर्योदय (D) सूर्यउदय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

64 'व्यायाम' शब्द का सही 'संधि-विच्छेद' है-
(A) व्य + आयाम (B) व्या + याम
(C) वि + आयाम (D) वि + याम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

65 'समास' का अर्थ है-
(A) प्रसार (B) संक्षेप
(C) आक्षेप (D) विस्तार
(E) अनुत्तरित प्रश्न

66 'माता – पिता' शब्द में समास का कौन–सा भेद है?
(A) द्विगु समास (B) कर्मधारय समास
(C) अव्ययीभाव समास (D) द्वन्द्व समास
(E) अनुत्तरित प्रश्न

67 'नीलकंठ' समस्तपद में समास का कौन-सा भेद है?
(A) द्वन्द्व समास (B) अव्ययीभाव समास
(C) कर्मधारय समास (D) बहुव्रीहि समास
(E) अनुत्तरित प्रश्न

68 'हे राम, तुम मेरा दुख दूर करो।' उक्त वाक्य में अल्पविराम की जगह किस विराम-चिह्न का प्रयोग उपयुक्त होगा?
(A) प्रश्नवाचक (B) योजक
(C) उद्धरण (D) विस्मयादिबोधक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

69 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** अगर विराम-चिह्न का प्रयोग न किया जाए तो अर्थ का अनर्थ हो जाएगा।
**कथन II:** किसी अन्य की कही गई बात को बिना किसी परिवर्तन के ज्यों-का-त्यों रखा जाता है, तब प्रश्नचिह्न का प्रयोग जरूरी है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

70. जब किसी लंबे वाक्य में एक से अधिक स्वतंत्र वाक्यांशों का प्रयोग हो, तब किस विराम चिह्न का प्रयोग आवश्यक हो जाता है?
(A) अल्पविराम (B) योजक चिह्न
(C) पूर्णविराम (D) उद्धरण चिह्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न

71. 'द्वंद्व समास' के दो पदों के बीच किस 'विराम चिह्न' का प्रयोग किया जाता है?
(A) उद्धरण (B) योजक
(C) प्रश्नवाचक (D) कोष्ठक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

72. नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग हर्ष, विषाद इत्यादि भाव व्यक्त करने की स्थिति में होता है।
**कथन II:** विस्मयादिबोधक चिह्न में प्रश्नकर्ता उत्तर की अपेक्षा करता है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

73. 'प्रश्नवाचक' चिह्न के प्रयोग हेतु निम्नलिखित कथ्य सही नहीं हैं -
a. जहाँ स्थिति निश्चित न हो।
b. आदरसूचक शब्दों के अंत में।
c. शुभकामनाएँ प्रकट करने में।
d. जहाँ प्रश्न करने या पूछे जाने का बोध हो।
e. हँसी-खुशी व्यक्त करने में।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) c, d, और e (B) a, b, और d
(C) a, d, और e (D) b, c, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

74. 'अल्पविराम' चिह्न के प्रयोग के संदर्भ में कौन-से कथन सही हैं?
a. इसमें बहुत कम ठहराव होता है।
b. दो बड़े वाक्यांशों के बीच इसका प्रयोग होता है।
c. यदि कोई वाक्य प्रत्यक्ष कथन में हो तो मुख्य कथन के पहले इसे लगाते हैं।
d. विस्मय आदि भावों को व्यक्त करने में इसका उपयोग होता है।
e. जहाँ उद्धरण देना हो, वहां इसे प्रयुक्त करते हैं।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b, और c
(B) केवल c, d, और e
(C) केवल a, d, और e
(D) केवल a, c, और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न

75. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए:

| | सूची I (विराम चिह्न के प्रकार) | | सूची II (प्रयोग और अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | पूर्णविराम | I. | थोड़ी देर रुकना |
| b. | अल्पविराम | II. | हर्ष, विषाद की स्थिति में |
| c. | योजक चिह्न | III. | पूरी तरह रुकना |
| d. | विस्मयादिबोधक | IV. | दो बार प्रयुक्त एक ही संज्ञा के बीच |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-I, b-IV, c-II, d-III
(B) a-IV, b-II, c-III, d-I
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II
(D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

76. 'महत्वपूर्ण कथन' और 'कहावत' आदि को उद्धृत करने किस चिह्न का प्रयोग होता है?
(A) पूर्णविराम चिह्न
(B) उद्धरण चिह्न
(C) अल्पविराम चिह्न
(D) विस्मयादिबोधक चिह्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

77. नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** विराम चिह्न अभिप्राय की समाप्ति को सूचित करता है।

**कथन II:** पूर्ण विराम, उपविराम, अर्द्ध विराम, अल्पविराम – विराम चिह्न के अंतर्गत आते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

78. प्रत्येक 'पूर्ण वाक्य' के अंत में लगाये जाने वाले चिह्न को क्या कहते हैं?

(A) अर्द्ध विराम (B) प्रश्न चिह्न
(C) उद्धरण चिह्न (D) पूर्णविराम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

79. निम्नलिखित किस वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग नियमानुसार किया गया है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) वाह, तुम्हारे क्या कहने?
(B) 'जुही की कली' का सारांश अपनी भाषा में लिखिए।
(C) क्या? आप गया से आ रहे हैं!
(D) मैं जो कहता हूँ, कान लगाकर सुनो!
(E) अनुत्तरित प्रश्न

80. निम्नलिखित शब्दों को क्रम से व्यवस्थित करके एक मुहावरा बनाइए-

a. आप b. कुल्हाड़ी
c. अपने d. मारना
e. पाँव पर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a, c, d, b, e (B) a, e, b, c, d
(C) b, e, d, c, a (D) c, e, a, b, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न

81. 'खरबूजे को देख खरबूजा रंग बदलता है।' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) छल-कपट करना
(B) उलटा काम करना
(C) दूसरे के भरोसे शक्ति दिखाना
(D) देखादेखी काम करना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

82. 'निकट का गुणी व्यक्ति कम सम्मान पाता है, पर दूर का ज्यादा' यह किस लोकोक्ति का अर्थ है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अगले जमाने का आदमी
(B) तिल का ताड़ करना
(C) जमीन पर पैर न पड़ना
(D) घर का जोगी जोगड़ा, आन गांव का सिद्ध
(E) अनुत्तरित प्रश्न

83. 'घर की मुर्गी दाल बराबर' लोकोक्ति का अर्थ है-

(A) अत्यंत छोटी मुर्गी
(B) अपने आदमी को कम महत्त्व देना
(C) मुर्गी को दाल से तौलना
(D) मुर्गी को दाल खिलाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

84. 'सब धान बाईस पसेरी' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) महँगाई बढ़ जाना
(B) धान की पैदावार बढ़ जाना
(C) धान का सस्ता हो जाना
(D) अच्छा-बुरा सबको एक समझना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

85. 'ऊँची दूकान फीका पकवान' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) गुप्त बात प्रकट करना
(B) केवल बाह्य प्रदर्शन
(C) मूर्खों में कुछ पढ़ा-लिखा व्यक्ति
(D) डींग हाँकना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

86. नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** पारिभाषिक शब्दों का अर्थ अभिधा में ग्रहण किया जाता है।

**कथन II:** हमारे देश में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में पारिभाषिक शब्दों की अधिक भूमिका नहीं है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

[ Contd...



Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

87. प्रशासनिक शब्द 'अनुस्मारक' का समानार्थी अंग्रेजी शब्द है -
(A) Reminder (B) Resolution
(C) Circular (D) Notification
(E) अनुत्तरित प्रश्न

88. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| सूची I (अंग्रेजी शब्द) | | सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द) | |
|---|---|---|---|
| a. | Report | I. | प्रतिवेदन |
| b. | Agent | II. | संविदा |
| c. | Contract | III. | द्विभाषिक |
| d. | Bilingual | IV. | अभिकर्ता |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-IV, b-I, c-II, d-III
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-I, b-III, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

89. अंग्रेजी शब्द के समानार्थक हिंदी शब्द के सबसे उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:
a. Acting - कार्यकारी
b. Candidate - व्यक्ति
c. Disparity - असमानता
d. Honorarium - मजदूरी
e. Undersigned - अधोहस्ताक्षरी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) d, c, और b (B) b, d, और e
(C) c, d, और e (D) a, c, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

90. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| सूची I (अंग्रेजी शब्द) | | सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द) | |
|---|---|---|---|
| a. | Under consideration | I. | अधीनस्थ |
| b. | Applicant | II. | अधिवास |
| c. | Domicile | III. | विचाराधीन |
| d. | Subordinate | IV. | आवेदक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-III, b-IV, c-II, d-I
(D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

91. 'उपयुक्त' शब्द का 'विलोम' है -
(A) अनुपयुक्त (B) उपर्युक्त
(C) संयुक्त (D) प्रयुक्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न

92. इनमें से कौन-सा विकल्प 'जलज' और 'जलद' के सही अर्थ को (क्रमश:) दर्शा रहा है?
(A) कमल, बादल (B) बादल, समुद्र
(C) समुद्र, इन्द्र (D) बादल, कमल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

93. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| सूची I (युग्म - शब्द) | | सूची II (अर्थ) | |
|---|---|---|---|
| a. | सूत | I. | क्रिया |
| b. | सुत | II. | धागा |
| c. | हंस | III. | पुत्र |
| d. | हँस | IV. | पक्षी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV
(B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I
(D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

94. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| सूची I (वाक्यांश) | | सूची II (एक शब्द) | |
|---|---|---|---|
| a. | जो दूसरे से ईर्ष्या करे | I. | प्रियदर्शी |
| b. | जानने की इच्छा रखने वाला | II. | प्रत्यागत |
| c. | जो देखने में प्रिय लगता है | III. | ईर्ष्यालु |
| d. | लौटकर आया हुआ | IV. | जिज्ञासु |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-III, b-IV, c-II, d-I
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

95. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए :

| सूची I (वाक्यांश) | | सूची II (एक शब्द) | |
|---|---|---|---|
| a. | जिसके पार न देखा जा सके | I. | निर्दयी |
| b. | अनुचित बात के लिए आग्रह | II. | अकथनीय |
| c. | जो कहा न जा सके | III. | अपारदर्शी |
| d. | जिसके हृदय में दया नहीं है | IV. | दुराग्रह |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-II, b-IV, c-I, d-III
(C) a-III, b-IV, c-II, d-I
(D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

96. नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I :** 'जो दूसरों का भला चाहने वाला है' उसे 'परार्थी' कहते हैं।

**कथन II:** 'जो स्वयं का भला चाहने वाला है' उसे 'स्वार्थी' कहते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

97. समश्रुत भिन्नार्थक शब्द 'अनिल-अनल' का अर्थ है-

(A) सूर्य - नदी
(B) हवा - आग
(C) किनारा - प्रकृति
(D) सुन्दर - लगातार
(E) अनुत्तरित प्रश्न

98. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए:

| सूची I (युग्म शब्द) | | सूची II (अर्थ) | |
|---|---|---|---|
| a. | अंस | I. | किनारा |
| b. | अंश | II. | वंश |
| c. | कुल | III. | कंधा |
| d. | कूल | IV. | हिस्सा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-IV, b-III, c-I, d-II
(B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

99. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| सूची I (शब्द) | | सूची II (अर्थ) | |
|---|---|---|---|
| a. | खल | I. | गाय, स्वर्ग |
| b. | गो | II. | बादल, घना |
| c. | घन | III. | बुनावट, फरेब |
| d. | जाल | IV. | दुष्ट, धतूरा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

100. इनमें से 'अक्ष' शब्द का सही अर्थ है-

(A) साधु
(B) चतुर
(C) हाथी
(D) आँख
(E) अनुत्तरित प्रश्न

101. सूची I को सूची II से सुमेलित करे -

| सूची I (समास) | | सूची II (समस्त पद) | |
|---|---|---|---|
| a. | तत्पुरुष समास | I. | पीताम्बर |
| b. | द्वन्द्व समास | II. | राजपुत्र |
| c. | बहुव्रीहि समास | III. | जन्म-मरण |
| d. | द्विगु समास | IV. | नवरत्न |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-III, c-I, d-IV
(B) a-IV, b-II, c-III, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-II, b-IV, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

102. नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** "वे शब्दांश जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर, उसके अर्थ में विशेषता ला दें या अर्थ ही बदल दें", वे उपसर्ग कहलाते हैं।

**कथन II:** हिंदी भाषा में संस्कृत के साथ, उर्दू भाषा के भी उपसर्ग प्रचलित हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with CamScanner

Adda247 GET IT ON Google Play

103 निम्नलिखित में से किस शब्द का निर्माण 'प्र' उपसर्ग से हुआ है?

(A) प्रगति (B) प्रतिनिधि

(C) परिचय (D) प्रत्यक्ष

(E) अनुत्तरित प्रश्न

104 निम्नलिखित में से 'अ' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है-

(A) अथाह (B) अपयश

(C) अजान (D) अमोल

(E) अनुत्तरित प्रश्न

105 इनमें से किस शब्द में 'खुश' उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?

(A) खुशहाल (B) खुश्क

(C) खुशदिल (D) खुशबू

(E) अनुत्तरित प्रश्न

106 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** जो शब्दांश मूल शब्द के अंत में लगकर, नए शब्द बनाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं।

**कथन II:** प्रत्यय के दो भेद होते हैं- (I) कृत प्रत्यय (II) तद्धित प्रत्यय।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।

(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

(D) कथन I और II दोनों सही हैं।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

107 'मिलनसार' शब्द में प्रयुक्त 'प्रत्यय' है-

(A) नसार (B) आर

(C) सार (D) र

(E) अनुत्तरित प्रश्न

108 'पौराणिक' शब्द में प्रयुक्त 'प्रत्यय' है-

(A) इक (B) क

(C) ईक (D) णिक

(E) अनुत्तरित प्रश्न

1234 ]

109 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए-

| | सूची I (तत्सम शब्द) | | सूची II (तद्भव शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | घोटक | I. | खीर |
| b. | क्षीर | II. | सुई |
| c. | सूचि | III. | घोड़ा |
| d. | उष्ट्र | IV. | ऊँट |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-II, c-I, d-IV

(B) a-III, b-I, c-II, d-IV

(C) a-II, b-I, c-IV, d-III

(D) a-II, b-III, c-I, d-IV

(E) अनुत्तरित प्रश्न

110 निम्नलिखित में से 'अर्द्धतत्सम' शब्द कौन-सा है?

(A) आग (B) अगिन

(C) ज्वाला (D) अग्नि

(E) अनुत्तरित प्रश्न

111 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए:

| | सूची I (अंग्रेजी शब्द) | | सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | Free hold | I. | लेखाकार |
| b. | Lapse | II. | पूर्ण स्वामित्व |
| c. | Accountant | III. | क्रियाविधि |
| d. | Procedure | IV. | बीत जाना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-IV, b-II, c-III, d-I

(B) a-II, b-I, c-III, d-IV

(C) a-III, b-IV, c-II, d-I

(D) a-II, b-IV, c-I, d-III

(E) अनुत्तरित प्रश्न

112 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए-

| | सूची I (अंग्रेजी शब्द) | | सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | Status Que | I. | अद्यतन |
| b. | Up to date | II. | विलयन |
| c. | Surveillance | III. | यथास्थिति |
| d. | Merger | IV. | निगरानी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-II, c-IV, d-I

(B) a-III, b-I, c-IV, d-II

(C) a-IV, b-I, c-II, d-III

(D) a-I, b-II, c-IV, d-III

(E) अनुत्तरित प्रश्न



[ Contd...

Scanned with CamScanner

Adda247
GET IT ON Google Play

113 'Assurance' की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) बीमा
(B) अनुमति
(C) सहमति
(D) आश्वासन
(E) अनुत्तरित प्रश्न

114 'Jurisdiction' की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अभिविज्ञान
(B) हस्तांतरण
(C) परिज्ञान
(D) क्षेत्राधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न

115 'Auction' शब्द की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) कार्रवाई
(B) नीलामी
(C) कार्यकारी
(D) निवृत्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न

116 'Deputation' शब्द की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) प्रतिनियुक्ति
(B) गंतव्य
(C) श्रेष्ठता
(D) प्रतिभूति
(E) अनुत्तरित प्रश्न

117 'Certify' के लिए हिंदी शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) परिवर्तन करना
(B) स्पष्ट करना
(C) प्रमाणित करना
(D) स्वीकार करना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

118 'Statutory' के लिए हिंदी शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) क्षेत्रिक
(B) वैधानिक
(C) चेतावनी
(D) विधिवत
(E) अनुत्तरित प्रश्न

119 Absolute Acceptance के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) आत्यंतिक हित
(B) आत्यंतिक दायित्व
(C) आत्यंतिक
(D) पूर्ण स्वीकृति
(E) अनुत्तरित प्रश्न

120 Circumstance के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) परिस्थिति
(B) परिसीमा
(C) परिवंचना
(D) परिसंचरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न

121 'हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?

(A) कन्या
(B) सौभाग्यवती
(C) विवाह
(D) हमारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

122 'महाभारत अठारह दिनों तक चलता रहा।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?

(A) दिनों
(B) चलता
(C) रहा
(D) तक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

123 'अनुत्तीर्ण होने की खबर सुनकर उसका चेहरा गिर गया।' उक्त वाक्य की शुद्धि हेतु 'गिर' की जगह कौन-सा शब्द उपयुक्त होगा?

(A) चढ़
(B) तन
(C) उदास
(D) उतर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

124 इनमें कौन-से वाक्य 'शुद्ध' हैं?

a. काशी सदा भारतीय संस्कृति का केंद्र रही है।
b. पहले कलकत्ता भारत की राजधानी था।
c. लोग ठीक ही कहता है।
d. युद्ध से देश पर संकट छाती है।
e. उसका ज्ञान ही उसका पूँजी था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल c, d, e
(B) केवल a, b, e
(C) केवल a, b, c
(D) केवल b, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न

125 इनमें कौन-से वाक्य 'शुद्ध' हैं?

a. महादेवी छायावादी कवियित्री हैं।
b. दवा हिलाकर रोगी को पिलाओ।
c. प्रात: काल भ्रमण उपयोगी रहता है।
d. वह मुझे बुलाया है।
e. तुलसीदास ने विनयपत्रिका लिखी।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, c, और d
(B) केवल a, b, और c
(C) केवल c, d, और e
(D) केवल b, c, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

[ Contd...



Scanned with CamScanner

Adda247
GET IT ON Google Play

126 'लहर' शब्द के अनुपयुक्त प्रयोग के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'अशुद्ध' है?
(A) मेरी कलम से स्याही लहर रही है।
(B) नदी में लहरें उठ रही हैं।
(C) माघ में हवा की लहर से हड्डी काँप जाती है।
(D) सागर की लहरों पर नाव तैर रही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

127 'शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा खेद हुआ।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में 'अशुद्ध' शब्द है-
(A) मृत्यु (B) की
(C) से (D) खेद
(E) अनुत्तरित प्रश्न

128 'फल - फूल' में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
(A) अल्पविराम (B) अर्द्धविराम
(C) योजक चिह्न (D) हंस पद
(E) अनुत्तरित प्रश्न

129 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** लेखन कार्य में भाव अथवा विचार की स्पष्टता में विराम चिह्न से बाधा उत्पन्न होता है।
**कथन II:** पाठक के भावबोध को सरल और सुबोध बनाने के लिए विराम चिह्नों का प्रयोग होता है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

130 दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच किस 'विराम चिह्न' का प्रयोग होता है?
(A) विस्मयादिबोधक (B) प्रश्नवाचक
(C) योजक (D) उद्धरणचिह्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न

131 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (शब्द) | | सूची II (विशेषण) |
|---|---|---|---|
| a. | सुडौल | I. | परिमाणबोधक |
| b. | चौगुना | II. | सार्वनामिक |
| c. | दो सेर | III. | गुणवाचक |
| d. | यह | IV. | संख्यावाचक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-II, b-I, c-IV, d-III
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-III, b-IV, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न

132 'घास हरी होती है।' इस वाक्य में 'होती है' क्या है?
(A) विशेषण (B) क्रिया
(C) सर्वनाम (D) संज्ञा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

133 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** जिन शब्दों से किसी कार्य के होने या करने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।
**कथन II:** क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं और धातु से क्रिया बनाई जाती है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(B) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(C) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(D) कथन I और II दोनों सही हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

134 जिस शब्द के रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता, उसे क्या कहते हैं?
(A) अव्यय (B) समास
(C) वाच्य (D) संधि
(E) अनुत्तरित प्रश्न

135 'अव्यय' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं?
(A) यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ- स्थानवाचक अव्यय का बोधक है।
(B) विस्मयादिबोधक अव्यय के बाद विस्मयसूचक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है।
(C) अव्यय प्रायः लिंग, वचन, परसर्ग आदि से प्रभावित रहते हैं।
(D) कालवाचक अव्यय में समय का बोध होता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with CamScanner

Adda247
GET IT ON Google Play

136 'आशुतोष को मैंने नहीं देखा।' वाक्य में प्रयुक्त अव्यय की पहचान कीजिए-
(A) मैंने (B) देखा
(C) नहीं (D) को
(E) अनुत्तरित प्रश्न

137 निम्नलिखित में से 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है -
(A) तरंगिणी (B) तटिनी
(C) रजनी (D) सरिता
(E) अनुत्तरित प्रश्न

138 रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए : आनंद, आह्लाद से उसी प्रकार संबद्ध है, जिस प्रकार 'इच्छा' ...... से संबद्ध है।
(A) हर्ष (B) आकांक्षा
(C) अनंत (D) सहकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न

139 इनमें से 'गंगा' का 'पर्यायवाची' नहीं है?
(A) देवनदी (B) सरसिज
(C) मंदाकिनी (D) भागीरथी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

140 'अनुरक्ति' के लिए प्रयुक्त होने वाला 'विलोम' शब्द है-
(A) शक्ति (B) भक्ति
(C) विरक्ति (D) विभक्ति
(E) अनुत्तरित प्रश्न

141 कौन-सा शब्द 'अंक' का अर्थ द्योतित नहीं करता है?
(A) भाग्य (B) चिह्न
(C) अध्याय (D) आँख
(E) अनुत्तरित प्रश्न

142 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है?
(A) कृतकृत्य (B) प्रसंशा
(C) कुतूहल (D) दधीचि
(E) अनुत्तरित प्रश्न

143 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है -
(A) प्रतिक्षा (B) प्रतीच्छा
(C) प्रतिच्छा (D) प्रतीक्षा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

144 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है -
(A) उज्जवल (B) उज्ज्वल
(C) ऊज्ज्वल (D) उजज्वल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

145 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है-
(A) हितैषी (B) याज्ञवल्क्य
(C) आभ्यंतरिक (D) नैर्सगिक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

146 इनमें से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' हैं?
a. योगिराज b. आकांक्षा
c. परिस्थिति d. परिक्षण
e. पुज्य
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल b, c, d (B) केवल c, d, e
(C) केवल a, c, e (D) केवल a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न

147 निम्नलिखित में से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' हैं?
a. विभिषिका b. निर्पेक्ष
c. नैपुण्य d. सौंदर्य
e. सम्राज्य
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b, e (B) केवल c, d, e
(C) केवल b, c, e (D) केवल a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न

148 इनमें से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' हैं?
a. स्वास्थ्य b. निश्पक्ष
c. प्रामाणिक d. श्राप
e. दुष्कर
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b, c (B) केवल b, c, d
(C) केवल c, d, e (D) केवल a, c, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

149 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है-
(A) उछवास (B) उन्मीलित
(C) उँचाई (D) ऊँगली
(E) अनुत्तरित प्रश्न

150 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है-
(A) घनिष्ठ (B) अध्ययन
(C) पूज्यनीय (D) कार्यक्रम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

[ Contd...



Scanned with CamScanner